
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

**2024**

03 अक्टूबर 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हर आदमी की खुशी उसकी अपनी जिम्मेदारी है।

**अब्राहम लिंकन**



राकेश कुमार

Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 03 अक्टूबर

1. **विविध भारती की स्थापना–** भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के रेडियो चैनल आकाशवाणी विविध भारती की स्थापना 3 अक्टूबर, 1957 ई. को हुई थी। जिसक चीफ प्रोड्यूसर पंडित नरेन्द्र शर्मा थे। इस अवसर पर वर्ष 1933 में मन्ना डे का गाना 'नाच रे मयूरा' पहला गीत बजा था। प्रारंभ में इसका प्रसारण केवल दो केन्द्रों बम्बई तथा मद्रास से होता था। बाद में धीरे–धीरे लोकप्रियता के चलते आकाशवाणी के और भी केन्द्र इसका प्रसारण करने लगे।
   - **संदर्भः** नागरिक शास्त्र के पाठ्यपुस्तक से **सूचना एवं संचार** व्यवस्था के साथ जोड़कर बच्चों के साथ चर्चा करें।

2. **इराक को यूनाइटेड किंगडम से आजादी–** 3 अक्टूबर, 1932 ई. को इराक को यूनाइटेड किंगडम से आजादी प्राप्त हुई थी। यह मध्य–पूर्व एशिया में स्थित है। इसके दक्षिण में सउदी अरब और कुवैत, पश्चिम में जॉर्डन और सीरिया, उत्तर में तुर्की और पूर्व में ईरान अवस्थित है। इसकी राजधानी बगदाद है। दजला नदी और फरात इसकी दो प्रमुख नदियां हैं। इसी नदी के किनारे मेसोपोटामिया की सभ्यता विकसित हुई थी।
   - **बच्चों को क्या बतलायें?** बच्चों को विभिन्न प्राचीन सभ्यताओं के बारे में बतायें। खासकर इराक की भौगोलिक, राजनैतिक और सामाजिक स्थिति के बारे में चर्चा करें।

3. **जर्मनी एकता दिवस–** वर्ष 1990 में हुए जर्मनी के एकीककरण की स्मृति में यह दिवस 3 अक्टूबर को मनाया जाता है, जब जर्मनी के संघीय गणराज्य (पश्चिमी जर्मनी) और जर्मन लोतांत्रिक गणराज्य (पूर्वी जर्मनी) को एकीकृत किया गया था। यह दिवस जर्मनी का राष्ट्रीय अवकाश है। यह भू–भाग (जर्मनी) पहले 39 राज्यों में बँटा हुआ था। मध्य यूरोप के स्वतंत्र राज्यों (प्रशा, बेवरिया, सैक्सोनी आदि को) आपस में मिलाकर 1871 ई. में एक राष्ट्र व जर्मनी साम्राज्य का निर्माण किया गया था। इसमें से ऑस्ट्रेयाई साम्राज्य तथा प्रशा राजतंत्र अपने आर्थिक तथा राजनीतिक महत्व के लिये प्रसिद्ध थे। इन सभी राज्यों के मिलाने की ऐतिहासिक प्रक्रिया को ही जर्मनी को एकीकरण कहते हैं। जर्मनी के एकीकरण में ओटो एडुवर्ड लियोपोल्ड बिस्मार्क(ओटो फॉन बिस्मार्क) का प्रमुख योगदान था। वह प्रशा के शासक विलियम प्रथम का प्रधानमंत्री था। उसने जर्मनी के एकीकरण के लिए 'रक्त तथा लौह की नीति' अपनाई थी।
   - **संदर्भः** वर्ग 10 के इतिहास की पाठ्यपुस्तक से के अध्याय 1 के सब–टॉपिक **'जर्मनी का एकीकरण'** से जोड़कर बतायें।

Thursday



*Madhu priya*

मधु प्रिया

## विविध भारती की स्थापना 3 अक्टूबर

विविध भारती भारत मे सार्वजनिक क्षेत्र के रेडियो चैनल आकाशवाणी की एक प्रमुख प्रसारण सेवा है। भारत में रेडियो के श्रोताओं के बीच ये सर्वाधिक सुनी जाने वाली और बहुत लोकप्रिय सेवा है। इस पर मुख्यत: हिन्दी फ़िल्मी गीत सुनवाये जाते हैं। इसकी शुरुआत 3 अक्टूबर 1957 को हुई थी। वर्ष 2006-2007, विविध भारती के स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप मे भी मनाया। प्रारम्भ मे इसका प्रसारण केवल दो केन्द्रों, बम्बई तथा मद्रास से होता था। बाद मे धीरे धीरे लोकप्रियता के चलते आकाशवाणी के और भी केन्द्र इसका प्रसारण करने लगे। वर्तमान मे अनेकानेक केन्द्र आकाशवाणी की विज्ञापन प्रसारण सेवा के रूप मे अपने श्रोताओं को विविध भारती के कार्यक्रम सुनवाते हैं। विविध भारती में मुख्य रूप से हिंदी फिल्मी गाने सुनवाई जाते थे। विविध भारती की लोकप्रियता आज भी बरकरार हैं और आज भी लोग विविध भारती को याद करते हैं और उसे सुनना पसंद करते हैं। अक्टूबर 1957 को आकाशवाणी के मुंबई के केंद्र से विविध भारती का पहला प्रसारण किया गया। विविध भारती पर बजा सबसे पहला गीत पंडित नरेंद्र शर्मा का था। तथा इस गीत के संगीतकार अनिल विश्वास है। इस गीत के बोल 'नाच मयूरी नाच था',, और इस गीत को मशहूर गायक मन्ना डे ने गाया था। विविध भारती रेडियो का मोबाइल ऐप प्ले स्टोर से इंस्टॉल किया जा सकता है। यह बिल्कुल फ्री है। सुविधा के लिए हम डायरेक्ट लिंक उपलब्ध करा रहे हैं। यहां क्लिक करके आप Vividh Bharati Live Radio Mobile App Download कर सकते हैं।

Teachers of Bihar

The change makers

## पुण्यतिथि विशेष 03 अक्टूबर

राकेश कुमार




**कादम्बिनी गांगुली** *Kadambini Ganguly*; जन्म- 18 जुलाई, 1861, भागलपुर, बिहार; मृत्यु- 3 अक्टूबर, 1923, कलकत्ता) भारत की पहली महिला स्नातक और पहली महिला फ़िजीशियन थीं। यही नहीं कांग्रेस अधिवेशन में सबसे पहले भाषण देने वाली महिला का गौरव भी कादम्बिनी गांगुली को ही प्राप्त है।

राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 03.10.2024

### ज्ञान और कौशल

ज्ञान सीखने या अनुभव के माध्यम से प्राप्त समझ है, जिसमें किसी विशिष्ट क्षेत्र में तथ्य, जानकारी और वैचारिक समझ शामिल होती है। साथ ही, कौशल अभ्यास और अनुभव के माध्यम से अर्जित की गई क्षमता है जो विशिष्ट कार्यों या क्रियाओं को करने के लिए ज्ञान के प्रभावी अनुप्रयोग को सक्षम बनाती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**दुनिया का सबसे पहला घड़ी पीटर हेनलेन ने बनाया था। इस घड़ी को करीब 515 साल पहले यानी 1505 में बनाया था । इसलिए इस घड़ी को "पोमैंडर वॉच ऑफ 1505" के नाम से जाना जाता है।**

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

CRICKET




## सबसे ज्यादा बार टेस्ट में प्लेयर ऑफ द सीरीज

| खिलाड़ी | कितनी बार | मैच |
|---|---|---|
| रविचंद्रन अश्विन | 11 | 102* |
| मुथैया मुरलीधरन | 11 | 133 |
| जैक्स कैलिस | 9 | 166 |

# टेस्ट में सबसे ज्यादा जीत

| देश | मैच | जीत |
|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 866 | 414 |
| इंग्लैंड | 1077 | 397 |
| वेस्टइंडीज | 580 | 183 |
| भारत | 581 | 180 |
| साउथ अफ्रीका | 466 | 179 |

# नवरात्री आरम्भ

राकेश कुमार




**नवरात्र** हिन्दू धर्म ग्रंथ एवं पुराणों के अनुसार माता भगवती की आराधना का श्रेष्ठ समय होता है। भारत में नवरात्र का पर्व, एक ऐसा पर्व है जो हमारी संस्कृति में महिलाओं के गरिमामय स्थान को दर्शाता है। वर्ष में चार नवरात्र चैत्र, आषाढ़, आश्विन और माघ महीने की शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक नौ दिन के होते हैं, परंतु प्रसिद्धि में चैत्र और आश्विन के नवरात्र ही मुख्य माने जाते हैं। इनमें भी देवीभक्त आश्विन के नवरात्र अधिक करते हैं। इनको यथाक्रम वासन्ती और शारदीय नवरात्र भी कहते हैं। इनका आरम्भ क्रमश: चैत्र और आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से होता है। अतः यह प्रतिपदा 'सम्मुखी' शुभ होती है।

भारत की प्रथम महिला डॉक्टर,
पहली स्नातक

# कादम्बिनी गांगुली

की पुण्यतिथि पर कोटि-
कोटि नमन।

जन्म- 18 जुलाई 1861
मृत्यु- 3 अक्टूबर 1923



www.teachersofbihar.org

Madhu priya

3 अक्टूबर



भारत की पहली महिला स्नातक एवं यूरोपीय चिकित्सा प्रणाली द्वारा प्रशिक्षित पहली महिला फिजीशियन

# कादम्बिनी गांगुली जी

की पुण्यतिथि पर उन्हें शत्-शत् नमन

18 जुलाई 1861 - 3 अक्टूबर 1923

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari

3 अक्टूबर



# शारदीय नवरात्रि

की हार्दिक शुभकामनाएं

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
शारदीय नवरात्र
की हार्दिक शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya